यूपी में बढ़ता विश्वास और निवेश

निवेश का सिरमौर यूपी

यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में जिस तरह से देश के दिग्गज उद्योगपतियों के साथ ही विदेशी निवेशकों ने रुचि दिखाई है, वह पिछले कुछ वर्षों के दौरान देश के सामने बड़े सूबे में हो रहे बदलाव का ही नतीजा है। पिछले पांच-छह वर्षों में सुशासन के जरिये यूपी नयी पहचान कायम कर दुनिया में सुरक्षित निवेश का नया ठिकाना बन कर उभरा है। यूपी ने व्यापार की सुगमता की रैंकिंग में अपनी स्थिति में भी उल्लेखनीय सुधार किया है। इस समिट में ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स, मैन्युफैक्चरिंग, आईटी, पर्यटन, फूड प्रोसेसिंग इत्यादि क्षेत्र में 33 लाख 52 हजार करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव के लिए 19,058 एमओयू पर हस्ताक्षर हो चुके हैं। इससे 94 लाख नौकरियां पैदा होंगी। ये आंकड़े दिखा रहे हैं कि यूपी को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य कोई मुश्किल नहीं है।

33.52 लाख करोड़ के निवेश करार

94 लाख युवाओं के लिए होंगे रोजगार के अवसर

19058 से ज्यादा एमओयू

- 1.90 लाख करोड़ रुपये का सबसे बड़ा करार ...

25000 से ज्यादा देश और विदेश के प्रतिनिधि हुए शामिल

10,000 से अधिक निवेशक और उद्यमी शामिल हुए

100 ...

किस क्षेत्र को कितना निवेश



40% ज्यादा का निवेश आया जीडीपी के हिसाब से

वित्त वर्ष 2022-23 में यूपी का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 21 लाख करोड़ रुपये अनुमानित है, जबकि समिट में 33.52 लाख करोड़ रुपये के निवेश के करार हुए हैं। यह जीडीपी से करीब 40 फीसदी अधिक है।

हर सेक्टर ने निवेशकों को किया आकर्षित

क्षेत्रवार निवेश	एमओयू	राशि (करोड़ रुपये में)	प्रतिशत	रोजगार
नवीकरणीय ऊर्जा	144	4,47,218	12.47	111274
इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग	151	3,83,798	12.41	167788
इंडस्ट्रियल पार्क	2020	328076	11.36	1198669
उच्च शिक्षा	64	2,37,922	8.92	782329
मैन्युफैक्चरिंग	7711	1,97,955	6.85	1549168
लॉजिस्टिक्स एंड वेयरहाउसिंग	249	120676	5.52	935294
रियल एस्टेट	693	1,24,964	4.32	884799
आईटी सक्षम सेवा	92	1,13,842	3.90	958526
पर्यटन	397	98,193	3.40	269040
हाउसिंग	384	69562	2.41	202841
फार्मास्युटिकल	1092	54,750	1.89	246609
ऊर्जा उत्पादन	6	53,485	1.85	12,832
हेल्थकेयर	72	47072	1.63	106983
फूड प्रोसेसिंग	970	37,359	1.29	329551
डेयरी	1026	30,593	1.06	71,384
शहरी एवं नगर	73	29,862	1.03	4273
ऊर्जा	4	25,823	0.89	6053
होटल	637	20,373	0.72	89608
अपशिष्ट प्रबंधन	44	20,452	0.71	55962
टेक्सटाइल	174	20,360	0.70	133770

भारत का टेक्सटाइल हब यूपी



65%

इंडस्ट्री व इन्वेस्टमेंट के लिए यूपी में बहुत अनुकूल माहौल : शाह

यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के समापन समारोह को संबोधित करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

यू पी संभावनाओं से भरा राज्य है। इसके विकास के लिए डबल इंजन सरकार का दृढ़ इरादा है। इसलिए इससे बेहतर साझेदारी हो ही नहीं सकती। निवेशकों को यह समय गंवाना नहीं चाहिए। भारत के उज्ज्वल भविष्य में दुनिया के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी है। उत्तर प्रदेश की आज की सरकार प्रगति की राह पर दृढ़ संकल्प के साथ चल रही है। ये आपके सपनों को साकार करने के लिए और आपके संकल्पों को सिद्ध करने के लिए अवधूत बनकर खड़े हैं। इसी विश्वास के साथ देश और दुनिया के निवेशकों को उत्तर प्रदेश की धरती पर निवेश के लिए आमंत्रित करता हूं। पहले लोग कहते थे कि यूपी का विकास होना मुश्किल है। यहां की कानून-व्यवस्था सुधरना नामुमकिन है, लेकिन सिर्फ 5-6 साल के भीतर यूपी ने अपनी नयी पहचान स्थापित कर ली है। अब यूपी को सुशासन, बेहतर कानून-व्यवस्था, शांति व स्थिरता से पहचाना जा रहा है। अब यहां धन पैदा करने वालों के लिए नये अवसर बन रहे हैं। बीते कुछ वर्षों में यूपी के इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार के अब परिणाम नजर आ रहे हैं। बिजली से लेकर कनेक्टिविटी तक हर क्षेत्र में सुधार आया है। यूपी में सरकारी सोच और अप्रोच (पहुंच) में कारोबारी सुगमता (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) के लिहाज से सार्थक बदलाव आया है।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री (जीआईएस-23 का उद्घाटन करते हुए)

यूपी निवेश का सुरक्षित ठिकाना होगा। यहां आया व आने वाला हर निवेश प्रदेश के विकास में सहायक तो होगा ही, उससे निवेशकों के लिए भी काफी फायदेमंद होगा। समिट के जरिये प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी। प्रदेश के पिछड़े जिलों और कमजोर क्षेत्रों में भी बड़ा निवेश होने जा रहा है। इसके जरिये औद्योगिक विकास की दृष्टि से नए भारत के सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले नए यूपी को वैश्विक समुदाय के सामने रखा जाएगा।

- योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री

निवेश का महाकुंभ

भारत का ग्रोथ इंजन बनने के लिए राज्य सक्षम भी और तैयार भी : मुर्मू

95 लाख एमएसएमई इकाइयां हैं यूपी में

प्रदेश में एमएसएमई इकाइयों के विकास पर काफी काम हुआ है। ...

ग्रीन एनर्जी व स्वरोजगार में आगे होगा यूपी

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ ... मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

यूपी का स्वर्णिम युग शुरू : अंबानी



75000 करोड़ के निवेश से एक लाख लोगों को मिलेगा रोजगार

प्रदेश की कानून-व्यवस्था सुधरी, बुनियादी ढांचा हुआ विकसित : चंद्रशेखरन

सरकार की बेहतर नीतियों से सुधरा प्रदेश का कारोबारी माहौल : सुनील वचानी

एयरपोर्ट निर्माण में प्रदेश सरकार ने किया काफी सहयोग : डेनियल बिर्चर

आदित्य बिड़ला ग्रुप करेगा 25 हजार करोड़ रुपये का निवेश

कामकाजी माहौल, सरकार पर एतबार, इसलिए कर के यूपी में कारोबार

सरकार दे रही बेहतर माहौल तो यहां काम क्यों न किया जाए

यूपी में अपार संभावनाएं

वेस्ट मैनेजमेंट क्षेत्र में यूपी में बड़ी संभावना

डाटा सेंटर का हब बनता जा रहा यूपी

पहले भी समिट में शामिल हुए ...इस बार माहौल अलग है

लुलु समूह अयोध्या सहित छह शहरों में बनाएगा हाइपरमार्केट